जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™
JAWAB DO SARKAR
w w w . j a w a b d o s a r k a r . c o m

रेफरेंस संख्या –2020/ak/01 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | सोमवार, 19 अक्तूबर 2020



# पुलिस प्रशासन की शह से चारागाह की जमीन पर हो रहा अवैध खनन


**जिला अजमेर,तहसील सरवाड़ स्थित मनोहरपुरा गाँव के चरागाह की बदहाल तस्वीर,जो प्रभावशाली खनन तस्करों के दबदबे को बयां कर रही है**

## पंचायत की 141 हेक्टेयर चरागाह जमीन पर अवैध खनन तस्करों का कब्ज़ा

यह कहानी अजमेर जिले की सरवाड़ तहसील स्थित मनोहरपुरा गाँव की है,जहाँ की करीब 141 हेक्टेयर चरागाह जमीन पर खनन माफियाओं द्वारा स्थानीय पुलिस-प्रशासन से सांठ-गाँठ कर,बहुमूल्य खनिजों का अवैध खनन कर, अवैध रूप से तस्करी की जा रही है|जिसे रोकने टोकने वाले ही इस अवैध खनन में सक्रीय भूमिका निभा रहे है|

## कई सालों से कर रहे धरती का सीना छलनी

इस चरागाह की जमीन पर कई सालों से स्थानीय खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है|गौरतलब है कि यहाँ पर क्वाट्र्ज,फेल्सपार जैसे बहुमूल्य खनिजों की बहुतायत है,जिसके चलते यह क्षेत्र अवैध खनन करने वालों के लिए स्वर्ग के समान है|



सेवा में, २५/१० Date- 9-10-2020

श्रीमान् जिला कलेक्टर महोदय
अजमेर

विषय :– ग्राम मनोहरपुरा में चारागाह भूमि पर हो रहे अवैध खनन को रूकवाने बाबत्।

मान्यवर,

उपरोक्त विषयान्तर्गत है कि ग्राम मनोहरपुरा, तह–सरवाड़, जिला–अजमेर में खनन माफिया द्वारा चारागाह भूमि पर अवैध रूप से क्वार्टज, फैल्सपार जैसे बहुमूल्य खनिज का खनन किया जा रहा है। चारागाह पर अवैध ब्लास्टिंग के कारण जगह–जगह अनेकों गहरे गड्डे हो गये है, जिसके कारण पशुपालकों को हमेशा हादसे का डर बना रहता है। मान्यवर जी 2 वर्ष पूर्व भी ग्रामीणों की शिकायत पर उपखण्ड प्रशासन द्वारा अवैध खदानों को मिट्टी से भरा गया था लेकिन अवैध खनन माफिया कुछ समय पश्चात ही पुनः अवैध खनन करना शुरू हो गया।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि अवैध खनन को तत्काल प्रभाव से बन्द करवायें और गड्डो को मिट्टी से भरवाकर बन्द करवाने की कृपा करावें

प्रार्थी
समस्त ग्रामवासी
मनोहरपुरा

स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर को दिया गए ज्ञापन की प्रति


*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

## प्रभावशाली तस्कर लोबी;,हथियार के साथ,बड़े-बड़े नेताओं के साथ फोटो करते है अपलोड

बरसों से हो रहे अवैध खनन के चलते यहाँ पर अवैध खनन माफियाओं और स्थानीय पुलिस प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों का सिंडिकेट खड़ा हो गया है जो,अवैध खनन माफियाओं को राजनैतिक संरक्षण प्रदान करता है|यही कारण है कि आम जनता को भयभीत करने के लिए यह खनन माफिया अपने फेसबुक,व्हाट्सअप प्रोफाइल पर हथियारों और बड़े-बड़े नेताओं के साथ फोटो खींच कर डालते नजर आते है|





## पुलिस-प्रशासन से जबरदस्त सांठ-गाँठ

यहाँ के ग्रामीणों द्वारा एक नहीं सैंकड़ो बार, इस चरागाह जमीन पर हो रहे अवैध खनन की शिकायत स्थानीय प्रशासन से की परन्तु खनन माफियाओं और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के सिंडिकेट की बदौलत इन खनन माफियाओं तक, डिपार्टमेंट की रेड की खबर पहले ही आ जाती है जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाती और माफियाओं के हौसले और बुलंद हो जाते है|सूत्रों के अनुसार स्थानीय पुलिस थाने के कर्मचारी इस सिंडिकेट के लिए मुखबिरी करते हैबदले में लाखों रूपये की बंदी थाने में हर माह पंहुचा दी जाती है|

## खनन माफियाओं और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के सिंडिकेट को ख़त्म करने के लिए जरुरी है जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही

जिस प्रकार भीलवाड़ा और अलवर जिलों के भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध उनकी अपराधियों से मिलीभगत के चलते कार्यवाही की गयी है इसी प्रकार की कार्यवाही यहाँ के भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध भी आवश्यक है|अन्यथा यह खनन माफिया एक दिन भरे गाँव में हथियारों के साथ फ़िल्मी स्टाईल में JCB,डम्पर घुमाते नजर आयेंगे और पुलिस-प्रशासन इनका कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा|

जमाबन्दी (खेवट/खतोनी)
(प्रतिलिपि)

प्रपत्र पी-26 (सी)
(देखिये नियम 153 ए)

ग्राम का नाम :- मनोहरपुरा
पटवार हल्का :- मनोहरपुरा
भू.अभि.नि. :- मनोहरपुरा
तहसील :- सरवाड
जिला :- अजमेर

अंतिम चोसला आधार सम्वत :- 2069 - 2088 जमाबंदी 2076 ( वर्ष 2019 ) से स्थायी
भूमि धारक का नाम :- राज.सरकार
क्षेत्रफल की ईकाई :- हैक्टेयर
खाता संख्या नया :- 603
खाता संख्या पुराना :- 489

काश्तकार का नाम:-
1. चारागाह हिस्सा- पूर्ण चरागाह

| खसरा संख्या | क्षेत्रफल | भूमि वर्गीकरण | | कृषक द्वारा संदत्त लगान | सिंचाई के साधन | अन्तरण के क्रम में प्रमाणित नामान्तरकरण संख्या व दिनांक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 252 | 7.0400 | बा.3 | 7.0400 | 0.00 | | | |
| 824 | 14.7100 | बा.3 | 14.7100 | 0.00 | | | |
| 829 | 8.4000 | बा.3 | 8.4000 | 0.00 | | | |
| 831 | 1.5600 | बा.3 | 1.5600 | 0.00 | | | |
| 836 | 74.7800 | बा.3 | 74.7800 | 0.00 | | | |
| 846 | 1.2500 | बा.3 | 1.2500 | 0.00 | | | |
| 874 | 1.7200 | बा.3 | 1.7200 | 0.00 | | | |
| 876 | 0.4000 | गै.मु.पाल | 0.4000 | 0.00 | | | |
| 877 | 1.4000 | बा.3 | 1.4000 | 0.00 | | | |
| 880 | 1.1000 | गै.मु.पाल | 1.1000 | 0.00 | | | |
| 883 | 2.9000 | बा.3 | 2.9000 | 0.00 | | | |
| 884 | 0.0600 | गै.मु.नहर | 0.0600 | 0.00 | | | |
| 885 | 0.0400 | गै.मु.मकान | 0.0400 | 0.00 | | | |
| 886 | 0.1500 | बा.3 | 0.1500 | 0.00 | | | |
| 889 | 0.2000 | बा.3 | 0.2000 | 0.00 | | | |
| 890 | 0.0500 | गै.मु.नहर | 0.0500 | 0.00 | | | |
| 892 | 1.2300 | बा.3 | 1.2300 | 0.00 | | | |
| 893 | 0.1500 | गै.मु.नहर | 0.1500 | 0.00 | | | |
| 894 | 3.0500 | बा.3 | 3.0500 | 0.00 | | | |
| 967 | 1.1000 | बा.3 | 1.1000 | 0.00 | | | |
| 968 | 0.3500 | गै.मु.नहर | 0.3500 | 0.00 | | | |
| 970 | 19.4300 | बा.3 | 19.4300 | 0.00 | | | |
| कुल खसरे - 22 | 141.0700 | | 141.0700 | | | | |

थाना पुलिस को रेड में कुछ नहीं मिला तो एसपी ने डीएसपी को भेजा, जुए का अड्डा चलता मिला

### एसएचओ सहित दो निलंबित

भिवाड़ी (अलवर)। शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के गांव बनी जोनायचा में अर्से से हाई प्रोफाइल जुआघर चल रहा था। शिकायतों के बावजूद शाहजहांपुर थाना पुलिस इसे छिपाती रही। यहां तक कि भिवाड़ी एसपी के निर्देश पर छापेमारी में भी कुछ नहीं मिलना बता दिया गया, मगर एसपी ने शुक्रवार रात नीमराना पुलिस उपाधीक्षक लोकेश मीणा को गोपनीय ढंग से छापा डलवाया तो उसी जगह एसी कमरों में जुआघर चलता मिला। मामले में स्थानीय पुलिस की सांठगांठ की आशंका के चलते भिवाड़ी एसपी ने शाहजहांपुर थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह और एक हैड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मौके पर जुआ खेलते मिले 9 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

नीमराणा डीएसपी लोकेश मीणा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गांव बनी जोनायचा में यादव फार्म हाउस पर छापेमारी की गई। यहां सत्यवीर एवं प्रवीण निवासी बनी जोनायचा रखवाली करते मिला। जबकि अंदर एसी कमरों में जुआ खेलते मिले मोहित महाजन,, रमेश गोस्वामी, राहुल यादव, आजाद यादव, अशोक, शिवचरण मेघवाल एवं राजेन्द्र यादव (चालक) को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों से 1 लाख 69 हजार 20 रुपए की जुआ राशि भी जब्त की गई है।

सात लाइन हाजिर

### बजरी माफिया से साठगांठ, थानेदार व कांस्टेबल निलंबित

भीलवाड़ा @ पत्रिका. बजरी माफिया से सांठगांठ कर कमाई के आरोप में हनुमान नगर थाना प्रभारी रामकिशन गोदारा व कांस्टेबल महेन्द्र सिंह को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। इसी थाने के हैड कांस्टेबल समेत 7 पुलिसकर्मियों को भी हटाते हुए रिजर्व पुलिस लाइन में भेज दिया गया। अजमेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हवासिंह घुमरिया के शुक्रवार के आदेश के अनुसार निलम्बन के दौरान गोदारा व महेंद्र सिंह का मुख्यालय जिला नागौर रहेगा। अवैध बजरी मामले में संदिग्ध भूमिका होने पर आइजी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में खलबली मच गई। बजरी माफिया से सांठगांठ के आरोप में थाना प्रभारियों के खिलाफ एक माह में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

### जिम्मेदार विभाग

**पुलिस थाना बोराडा**

**उपखंड कार्यालय सरवाड़**

**तहसील कार्यालय सरवाड़**

**खनिज विभाग:-AME ,सावर**